कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री मोइनुददीन खान निवासी 110 ए, हुसैन कालोनी, बेनीवाल कांटे के पीछे, रामगढ रोड जयपुर राजस्थान।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील संख्या 29/2022

निर्णय

दिनांक 30.03.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दौसा को पत्र कमांक:डीएम/कोर्ट/2022/530 दिनांक 16.03.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दौसा ने पत्र कमांक:जि.अ.सं.क.अ./दौ/2021-22/1378-80 दिनांक 28.03.2022 के द्वारा अपीलांट को वस्तुस्थिति की सूचना उपलब्ध कराते हुए प्रति इस कार्यालय को प्रस्तुत की है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2022.04.19 10:22:23 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा